हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

13 सीआरपीएफ जवान के सूने घर से चोर नकदी...



14 आईटीआई में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की...



MR DEGREE COLLEGE
।। तमसो मा ज्योतिर्गमय ।।
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) | B.SC. (Non-Medical)
B.A. | B.COM | M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. | JBT | D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

## लाखों का नुकसान रात-दिन बहाली में जुटा स्टाफ, गांवों से शहर तक लोग बेहाल

# अंधड़ बना बिजली निगम का सबसे बड़ा दुश्मन, चार माह में 2200 पोल धराशायी

**रोज गिर रहे पोल-लाइनें, नए प्रोजेक्ट अटके आपूर्ति बहाल करने में ही खप रहा पूरा अमला**

राजकुमार ▶▶ नारनौल

अलग खबर

इस बार मौसम की मार बिजली निगम पर भारी पड़ रही है। मार्च से लेकर जून तक आए लगातार अंधड़ और बारिश ने नारनौल सर्कल में बिजली ढांचे को बुरी तरह झकझोर दिया है। हालात ऐसे हैं कि निगम के हजारों बिजली पोल धराशायी हो चुके हैं, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं और अनेक स्थानों पर लाइनें टूटने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होने से गांवों और शहरों में लोगों की परेशानी भी लगातार बढ़ रही है।

बता दें कि नारनौल सर्कल का दायरा नांगल चौधरी क्षेत्र के रायमलिकपुर-गोठड़ी से लेकर सतनाली और महेंद्रगढ़ के आदमपुर तक फैला हुआ है। इस पूरे क्षेत्र में पिछले चार महीनों के दौरान आए तेज अंधड़ों ने बिजली निगम की व्यवस्था को बार-बार प्रभावित किया है। निगम के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष मार्च से अब तक 9 मीटर लंबाई के 2129 बिजली पोल और 11 मीटर के 57 पोल टूट या गिर चुके हैं।

स्थिति यह है कि टूटे हुए पोलों की संख्या अचानक बढ़ जाने से नए पोलों की उपलब्धता भी चुनौती बन गई है। निगम को आवश्यकता के अनुसार तुरंत पोल नहीं मिल पा रहे हैं, जिसके चलते प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में पहले व्यवस्था बहाल की जा रही है। कई स्थानों पर कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं, लेकिन एक क्षेत्र में मरम्मत पूरी होने से पहले ही नया अंधड़ दूसरी जगह नुकसान कर देता है।



नारनौल। नांगल पीपा में तेज अंधड़ में गिरी लाइन व पोल। फोटो: हरिभूमि

### मंगलवार को भी हुआ नुकसान

निगम कर्मी पहले हुए नुकसान एवं समस्याओं से जूझ ही रहे थे, वहीं मंगलवार दोपहर आए तेज अंधड़ और बारिश ने उनके जले पर नमक छिड़कने जैसा कार्य किया। इस अंधड़ ने एकबार फिर पूरे जिले की बिजली व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। नारनौल शहर सहित जिले के अधिकांश हिस्सों में कई घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बाद में कई क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन जहां पोल या लाइनें क्षतिग्रस्त हुई थीं, वहां देर शाम तक भी कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे रहे।

### गांवों में पेयजल संकट

बिजली ढांचे को हुए नुकसान का सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। पोल गिरने और लाइनें टूटने से कई गांवों में पूरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इससे सुबह पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। वहीं शहरों के मोहल्लों में बिजली गुल रहने से लोग उमस भरी गर्मी और मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं।

### कर्मचारियों के फूल जाते हाथ-पांव

जैसे ही मौसम विभाग तेज हवा या बारिश की चेतावनी जारी करता है, बिजली निगम के जेई और फील्ड स्टाफ की चिंता बढ़ जाती है। अंधड़ शुरू होते ही कंट्रोल रूम में शिकायतों की बाढ़ आ जाती है। कई बार एक साथ दर्जनों स्थानों पर पोल गिरने और लाइन टूटने की सूचनाएं मिलने लगती हैं, जिससे पूरी मशीनरी पर अतिरिक्त दबाव बन जाता है।

### नए प्रोजेक्ट भी हो रहे प्रभावित

लगातार हो रहे नुकसान का असर निगम की विकास योजनाओं पर भी पड़ रहा है। सामान्य परिस्थितियों में जहां नए फीडर, लाइन विस्तार और अन्य परियोजनाओं पर कार्य किया जाता है, वहीं इन दिनों अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी केवल आपूर्ति बहाल करने और टूटे ढांचे की मरम्मत में व्यस्त हैं। परिणामस्वरूप कई प्रस्तावित कार्य और परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

### यह बोले अधिकारी



*हमारी पहली प्राथमिकता प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल करना है। मंगलवार के अंधड़ के बाद भी पूरा स्टाफ फील्ड में लगा हुआ है। बार-बार पेट्रोलिंग की जा रही है। क्षतिग्रस्त पोलों और अन्य उपकरणों का आंकलन बाद में किया जाएगा। जहां भी नुकसान हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल की जा रही है।*

*-जोगेंद्र सिंह हुड्डा, अधीक्षण अभियंता (एसई), बिजली निगम, नारनौल*

### नुकसान होने का विवरण

| तिथि | 9 मीटर पोल | 11 मीटर पोल |
|---|---|---|
| 26 मार्च 2026 | 10 | 9 |
| 8 अप्रैल | 22 | 0 |
| 27 अप्रैल | 36 | 0 |
| 28 अप्रैल | 9 | 0 |
| 2 मई | 128 | 3 |
| 3 मई | 143 | 11 |
| 4 मई | 16 | 0 |
| 12 मई | 37 | 01 |
| 14 मई | 10 | 0 |
| 28 मई | 136 | 5 |
| 29 मई | 71 | 0 |
| 30 मई | 43 | 0 |
| 4 जून | 27 | 0 |
| 6 जून | 385 | 13 |
| 7 जून | 208 | 3 |
| 8 जून | 82 | 0 |
| 9 जून | 304 | 4 |
| 11 जून | 356 | 8 |
| 12 जून | 49 | 0 |
| 15 जून | 57 | 0 |
| कुल | 2129 | 57 |

### चार माह में नुकसान की तस्वीर

*2129 पोल (9 मीटर) टूटे या गिरे, 57 पोल (11 मीटर) क्षतिग्रस्त, अनेक ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनें प्रभावित,लाखों रुपये का अनुमानित नुकसान, गांवों और शहरों में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित, नए विकास कार्यों पर पड़ रहा असर।*

## खबर संक्षेप

### आईजी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**नारनौल।** दक्षिण रेंज रेवाड़ी के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ओमप्रकाश नरवाल ने मंगलवार को नारनौल का दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक व अन्य पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान आईजी ने डीएवी पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया तथा स्कूल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आईजी ने पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया।

### गोसेवा के लिए दिए दो लाख रुपये

**कनीना।** श्रीकृष्ण गोशाला में गौरीशंकर गर्ग ने अपने पोते तन्मय गर्ग के जन्मदिन पर गोसेवा के लिए दो लाख रुपये प्रदान कर प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोसेवा को सर्वोच्च पुण्य कार्य माना गया है। प्रभावती देवी के मार्गदर्शन में पूरा परिवार उल्लास के साथ गोशाला पहुंचा। जहां यतीश, नितिश, अंशुल, केशव, वान्या और शिवानी ने परिजनों के साथ गायों को हरा चारा, गुड़ और अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर पुण्य लाभ कमाया। गोशाला प्रधान भगत सिंह सहित होशियार सिंह, एसएम महेंद्र सिंह, रविन्द्र बंसल, दिलावर सिंह ने खुशी जताई।

## जिले में अचानक बदला मौसम पहले आंधी, फिर आई बारिश

# आंधी से पेड़ों की टहनियां टूटी, कई घंटे बिजली आपूर्ति रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल/महेंद्रगढ़

क्षेत्र में मंगलवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर तक तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती रही, जिससे बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी।

- **हल्की बारिश और ठंडी हवाएं फसलों के लिए लाभकारी**

हालांकि दोपहर करीब एक बजे के बाद मौसम का मिजाज बदलना शुरू हुआ तथा तेज धूलभरी आंधी चल पड़ी। इसके बाद आसमान में बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलने लगी। इसके कुछ ही देर बाद आंधी के साथ बरसात हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया।

सुबह के समय सूर्य की तेज किरणों और उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। दोपहर तक सड़कें लगभग सुनसान नजर आईं। गर्मी से बचने के लिए लोग छायादार स्थानों और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते दिखाई दिए। किसान और मजदूर वर्ग भी तेज धूप के कारण परेशान रहा। कई स्थानों पर लोग पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते रहे। दोपहर करीब एक बजे के बाद अचानक मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलनी शुरू हुईं और देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर धूल उड़ने लगी। कुछ समय तक चली आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश भले ही ज्यादा देर तक नहीं हुई, लेकिन इससे वातावरण में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

मौसम में आई इस राहत ने लोगों के चेहरों पर खुशी लौटा दी। मौसम में आए इस बदलाव का असर कृषि क्षेत्र पर भी सकारात्मक रूप से देखा गया। किसानों का कहना है कि हल्की बारिश और ठंडी हवाएं फसलों के लिए लाभकारी साबित होंगी। हालांकि आंधी के कारण कुछ स्थानों पर हल्की टहनियां टूटने और कई घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की भी सूचनाएं मिलीं, लेकिन किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।





**नारनौल।** दोपहर में बदला अचानक मौसम, पहले आई आंधी, फिर हुई बारिश। **मंडी अटेली।** धूल भरी आंधी के बीच आसमान में छाए काले बादल।

### अटेली में बारिश, फसलों के लिए बनी अनुकूल स्थिति

***मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट लेते हुए तेज धूल भरी आंधी से जनजीवन को प्रभावित कर दिया। इस दौरान सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। तेज हवाओं के साथ उड़ती धूल के कारण कई जगहों पर दृश्यता भी काफी कम हो गई। आंधी के शांत होने के बाद क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। किसानों का कहना है कि इस बारिश से मिट्टी में नमी आई है जो फसलों की बढ़वार के लिए उपयोगी है। खासकर बाजरे की फसल के लिए यह नमी काफी फायदेमंद मानी जा रही है। कुछ किसानों ने बताया कि पहले हुई अनियमित बारिश के चलते उन्हें दोबारा बुवाई करनी पड़ी थी, लेकिन इस बार उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ।*

***जिले में दिन व रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज :*** मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि जिले में सतनाली, महेंद्रगढ़, कनीना, नारनौल, नांगल चौधरी व अटेली में आंधी अंधड़ और हल्की बारिश देखने को मिली। जिससे सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात के तापमान में गिरावट आई और दिन व रात के तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किए गए। जिले में रात व दिन का तापमान क्रमशः 24.5 डिग्री सेल्सियस व 35.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 6.5 एमएम बारिश हुई। उन्होंने बताया कि जिले में बुधवार को भी बरसात की संभावना है।

## ब्यूटी पार्लर को निकली युवती ले उड़ी नकदी एवं जेवरात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र के गांव से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी और अपहरण के संदेह के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में रहे एक युवक की भी तलाश कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी पुत्री बुधवार सुबह करीब 11 बजे नांगल चौधरी स्थित एक ब्यूटी पार्लर पर काम पर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वह पार्लर में अन्य दो युवतियों के साथ कार्य करती थी, लेकिन इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार युवती अपने साथ करीब 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, जरूरी दस्तावेज और अन्य कागजात भी ले गई थी, जबकि मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ गई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि लड़की की इंस्टाग्राम पर यादव नाम की आईडी चलाने वाले एक युवक से बातचीत होती थी। परिवार को आशंका है कि उक्त युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया हो या युवती उसके साथ कहीं चली गई हो।

## ताजपुर के खेतों में युवक का शव मिलने से सनसनी

**मंडी अटेली।** मंगलवार सायं करीब पांच बजे अटेली क्षेत्र के गांव ताजपुर के खेतों में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की जानकारी तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक की पहचान उत्तराखंड निवासी करीब 42 वर्षीय हरीश पुत्र बलदेव के रूप में हुई है। हरीश पिछले लगभग 15 वर्षों से ताजपुर में अपनी बुआ भगवती के पास रह रहा था। बताया जा रहा है कि उसकी बुआ के कोई पुत्र नहीं है, जिसके चलते वह उनके साथ रहकर उनका सहारा बना हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार हरीश शराब का आदी था और अक्सर नशे की हालत में देखा जाता था। उसके परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है। उसकी पत्नी नीमराना में कार्य करती है। मंगलवार सायं जब कुछ ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उन्होंने हरीश को मृत अवस्था में पड़ा देखा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शव को नारनौल के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया।

## सतनाली में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

सतनाली में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नाम सतनाली उपतहसील में ज्ञापन सौंपा। राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान सवाई सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया कि सतनाली सैनिक बाहुल्य इलाका है और क्षेत्र से अनेक जवानों ने विश्व युद्ध, 1962 की लड़ाई, 1971 की लड़ाई एवं कारगिल युद्ध में वीरता का प्रमाण दिया है।

क्षेत्र में सिपाही रैंक से ब्रिगेडियर रैंक तक के अधिकारी हैं तथा विक्टोरिया क्रॉस तक के वीर भी हैं, लेकिन सीएसटी कैंटीन न होने से सैनिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि इलाके में अनेक गांव हैं और कैंटीन करीब 30 किलोमीटर दूर है। ज्ञापन में उन्होंने इलाके के सैनिको को हो रही परेशानी को देखते हुए सतनाली में सीएसडी कैंटीन खोले जाने की मांग की। इस मौके पर रामसिंह शर्मा, विकास, कुलदीप, राजकुमार, केशु सिंह, अनिल कुमार, देवेंद्र सिंह, तेजपाल आदि उपस्थित रहे।



**सतनाली मंडी।** सीएसडी कैंटीन खोलने का ज्ञापन देते क्षेत्रवासी। फोटो: हरिभूमि

## देश में अब तक 12 साल में करीब 90 पेपर लीक हो चुके हैं, जो बेहद गंभीर विषय

# नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण ने तोड़ा युवाओं का भरोसाः राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण ने देशभर के युवाओं का भरोसा तोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट का पेपर लीक हुआ तथा 20 से 30 लाख रुपये तक में बेचा गया। इस पूरे मामले ने लाखों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया। देश में अब तक 12 साल में करीब 90 पेपर लीक हो चुके हैं, जो बेहद गंभीर विषय है।

वे मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब हर जिले में जाकर युवाओं से संवाद करेगी और उनकी समस्याएं सुनेगी। राहुल गांधी भी कोटा में युवाओं से मिले थे और वह कार्यक्रम पूरी तरह युवाओं के नाम रहा। कांग्रेस युवाओं के बीच जाकर शिक्षा, रोजगार और भर्ती से जुड़े मुद्दों को उठाएगी। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और हालात बिहार से भी बदतर हो गए हैं।



**नारनौल।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते राव नरेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

### किसान व युवा परेशान

राव ने कहा कि एक बार में 100 लीटर डीजल देने के फैसले से किसान बार-बार ट्रैक्टर लेकर कार्यों में कैसे आएगा, जबकि ट्रैक्टर में सबसे ज्यादा डीजल की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों व युवाओं दोनों का मनोबल गिर रहा है और देश की छवि विदेशों में भी धूमिल हो रही है। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नौजवानों की भर्तियों में बाहर के युवाओं को लिया जा रहा है, जबकि हरियाणा के युवाओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं और शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं।

### जल्द बनाई जाएगी जनरल बॉडी

पार्टी संगठन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 12 साल बाद ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कांग्रेस की बड़ी सफलता है। योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है तथा जल्द ही प्रदेश की जनरल बॉडी की बैठक भी बुलाई जाएगी।



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

## लाइफ Style



# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं



है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'



# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे। इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...





**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर समाज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

## खबर संक्षेप



नारनौल। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### धनौंदा में 41 दिवसीय 84 धूनी तपस्या सम्पन्न

**नारनौल।** समाज में सुख, समृद्धि, शांति के लिए गांव धनौन्दा में बाबा नरेन्द्रगिरी महाराज की ओर से की जा रही 41 दिवसीय 84 धूनी तपस्या का समापन ग्रामीणों ने श्रद्धा, भक्ति और उमंग के साथ किया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने बाबा नरेन्द्रगिरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनकी तपस्या की सराहना की। बाबा नरेन्द्रगिरी ने कहा कि तप, तपस्या भारत की प्राचीन परम्परा है। साधु महात्मा समाज में सुख शांति भाईचारा के लिए कठिन तपस्या करते हैं। जिससे समाज में

### योग दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए योग सहायक सम्मानित

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कार्यालय पटीकरा में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला की अध्यक्षता में आयुष योग सहायकों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला योग समन्वयक डॉ. सतीश कुमार मौजूद रहे। डॉ. शशिबाला ने कहा कि 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला व खंड स्तर पर धूमधाम से मनाया गया। जिले की समस्त योगशालाओं में भी योग सहायकों व आमजन के सहयोग से

# सीआरपीएफ जवान के सूने घर से चोर नकदी-जेवरात समेत बाइक ले उड़े

## भोजावास में ताला तोड़कर वारदात, दिल्ली से गांव पहुंची महिला को मिला घर अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव भोजावास में चोरों ने सीआरपीएफ जवान के सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता तब चला जब जवान की पत्नी गांव पहुंची और मकान का ताला टूटा हुआ मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भोजावास निवासी शिवलता पत्नी विजयपाल ने बताया कि उनके पति विजयपाल दिल्ली में सीआरपीएफ में कार्यरत हैं। वह बच्चों के साथ दिल्ली में ही रहती हैं। 21 जून को जब वह गांव स्थित अपने घर पहुंचीं तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी और संदूक खुले हुए थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर से दो जोड़ी चांदी की पाजेब, एक सोने की अंगूठी, करीब 15 से 20 हजार रुपये नकद तथा एक पुरानी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पीड़िता के अनुसार वारदात 21 जून की रात करीब दो बजे के आसपास होने की आशंका है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद 22 जून को थाने में लिखित शिकायत दी गई। शिकायत के आधार पर नांगल चौधरी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू कर दी है तथा चोरी गई मोटरसाइकिल और अन्य सामान की तलाश की जा रही है। मामले की जांच एक महिला पुलिस अधिकारी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।





नारनौल। चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान तथा मंडी अटेली में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

### मानपुरा में खेतों से 69 फव्वारा नोजल चोरी

**कनीना।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मानपुरा में अज्ञात चोरों ने किसानों के खेतों से कृषि उपकरण चोरी कर लिए। जिसे लेकर किसानों में रोष पनप रहा है। इस बारे में शिकायतकर्ता किसान सुभाष चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 जून को सुबह जब वह अपने खेत पहुंचा, तो उसकी ज्वार और बाजरे की फसल में पानी देने के लिए लगाए गए 12 नोजल फववारे गायब मिले। उन्होंने आसपास मालुम किया तो पता चला कि चोरों ने पड़ोसी किसान नरेंद्र के खेत से 17, हरीश के कुएं के पास से 30 और महेंद्र के खेत से 10 फव्वारा नोजल भी चुरा लिए। चोरी किए गए कृषि उपकरणों की कीमत 20700 रुपये आंकी गई है।

### फतनी में जेवर-नकदी पर किया हाथ साफ

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव फतनी में मंगलवार रात्रि अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित किसान मनोज पुत्र हीरा सिंह ने अटेली पुलिस में शिकायत देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार देर मंगलवार रात्रि चोर घर में घुस आए और अलमारी सहित अन्य स्थानों को खंगालते हुए कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में करीब तीन तोले की सोने की चेन, चार जोड़ी पाजेब, एक सोने की अंगूठी, कानों की झूमकी, एक गैस सिलेंडर, एक पीतल की तामड़ी तथा कुछ रुपये नकद शामिल हैं। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला, जिसके बाद घटना का पता चला। गौरतलब है कि मनोज के घर में पिछले तीन वर्षों में यह तीसरी चोरी की घटना है। इससे पहले करीब तीन साल पहले उनके फार्म से लगभग 50 बकरियां चोरी हो गई थीं, जबकि डेढ़ वर्ष पूर्व उनकी मोटरसाइकिल भी चोरों ने चुरा ली थी। लगातार हो रही वारदातों से परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पीड़ित किसान ने पुलिस प्रशासन से चोरों को जल्द पकड़ने और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ व जेई पर कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

- आमजन व स्टाफ सदस्यों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त
- सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी के दौरान पकड़ी थी भारी

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनीना उपमंडल कार्यालय में बीते समय सीएम फ्लाइंग ने अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का भंड़ाफोड़ किया था। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की जांच रिपोर्ट में बीती 11 दिसंबर 2025 को किए निरीक्षण और जांच का हवाला दिया गया था। जिसमें कई गंभीर खामियां उजागर हुई थी। जांच रिपोर्ट के मुताबिक उस समय लापता अधिकारी और कार्यालय में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे खराब अवस्था में मिले थे, डीवीआर भी गायब था। बायोमेट्रिक हाजिरी मशीन भी जानबूझकर खराब की गई थी।

विभाग के एसडीओ राजीव कुमार सरकार की ओर से संचालित कई महत्वपूर्ण समाधान शिविरों से नदारद रहे थे। फर्जी हाजिरी व कुछ कर्मचारी बूस्टिंग स्टेशन झिगावन और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कनीना में कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले, जबकि कागजों में उनकी हाजिरी लगी हुई थी। कुछ कर्मचारी ड्यूटी के बजाय निजी गाड़ियां चला रहे थे। पीडब्ल्यूडी कोड 5.22 का उल्लंघन करते हुए, बिलों की जांच बिना डीएससी से कराए सीधे हेड ऑफिस भेजे जा रहे थे।

इसी प्रकार अग्निवीर के नाम पर धांधली करते हुए एक कर्मचारी अनिल कुमार जिसका चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के तौर पर हो चुका था, उसे विभाग की ओर से अब तक अनुपस्थित दिखाया जा रहा था, जिसका भविष्य में वह दोबारा गलत तरीके से ज्वाइन कर लाभ ले सके।

उड़न दस्ते की ओर से यह रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजकर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। आमजन में इस बात की व्यापक स्तर पर चर्चा है। छह माह का अरसा बीतने के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से पीएचईडी के एसडीओ राजीव कुमार और जेई पवन कुमार को बरती गई अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। अधीक्षक अभियंता नारनौल ने कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन उन पर कार्रवाई न होने से शासन-प्रशासन की भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति को पलीता लग रहा है। इस बारे में विभाग के एसडीओ राजीव कुमार से संपर्क करना चाहा, लेकिन मोबाइल पर कोई रिस्पांस नहीं दिया गया।

### सीवरेज सिस्टम ठप

विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कनीना में सीवरेज सिस्टम ठप होता जा रहा है। रेवाड़ी रोड सहित कई वार्डों में मेनहोल ओवरफ्लो हो रहे हैं। जिनका पानी सड़कों पर आने से परेशानी पैदा कर रहा है। मानसून सिर पर होने के बावजूद लापरवाह अधिकारियों की ओर से सीवरेज सिस्टम को दुरूस्त नहीं किया जा रहा है। एसटीपी की मोटर भी सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है। आपातकालीन व्यवस्था भी बदतर है।

# प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट 21 हजार लोगों तक पहुंचाएगा एसआईआर जागरूकता संदेश

- एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने किया अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकतंत्र को मजबूत बनाने व मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से एक विशेष जनजागरण अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 21 हजार नागरिकों को विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जागरूकता संदेश भेजे जा रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ निर्वाचक पंजीयन अधिकारी कम एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी गणना प्रपत्र (फॉर्म) वितरित कर रहे हैं। मतदाताओं का यह दायित्व है कि वे इन प्रपत्रों को सही जानकारी के साथ भरकर समय पर जमा करवाएं, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज और सत्यापित रह सके। इस अवसर पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई गई है।

### नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुपमा अंजली के दिशा निर्देशानुसार जिले में लोकतंत्र की बुनियाद को और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से वर्तमान में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर प्रगणक फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने सभी मतदाता बंधुओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से प्रगणक फॉर्म प्राप्त करें, उसमें मांगी गई सभी जानकारियां सावधानीपूर्वक व सही ढंग से भरें और आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करते हुए उसे समय पर वापस बीएलओ को जमा करवाएं।



मंडी अटेली। यादव महासभा की सदस्यता ग्रहण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यादव महासभा को दिया 3 लाख का सहयोग

**मंडी अटेली।** यादव महासभा अटेली को समाजसेवा की दिशा में एक और बड़ी सौगात मिली है। समाजसेवी दंपति ने महासभा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कुल तीन लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की है। ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव एडवोकेट ने 51 हजार रुपये की राशि देकर यादव महासभा अटेली की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। साथ ही उन्होंने अपने दिवंगत ससुर, इंस्पेक्टर बाबू रामकुमार की स्मृति में प्रस्तावित यादव धर्मशाला में एक कमरे के निर्माण का संकल्प लिया। वहीं उनके पति इंद्रजीत अटेली मंडी में संचालक हैं, ने भी समाजहित में आगे आते हुए दो लाख 51 हजार रुपये की सहयोग राशि महासभा को भेंट की। इस मौके पर यादव महासभा अटेली के प्रधान विकास यादव ने दंपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से समाजिक कार्यों को नई गति मिलती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निजी सचिव विकास यादव, विक्रम सरपंच रामपुरा, मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जेलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आरपीएस महेंद्रगढ़ में 11 राज्यों के स्वयंसेवक बिखेरेंगे संस्कृति के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा सदन पंचकूला के निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार 24 से 30 जून तक आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में राज्य प्रायोजित काउंसिल राष्ट्रीय एकता शिविर का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

यूथ फॉर माय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम पर आधारित इस सात दिवसीय शिविर में देश के 11 राज्यों के साथ-साथ मेजबान हरियाणा के 200 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक और 20 कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. दिनेश शर्मा और जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक व कैंप संयोजक चरण सिंह बड़ेसरा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस राष्ट्रीय शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सेवा और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

### शिविर में विविधता में नजर आएगी एकता

प्राचार्य डॉक्टर किशोर तिवारी ने बताया कि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव के सानिध्य में आयोजित इस कैंप में दिल्ली, गुजरात, बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित कुल 11 राज्यों से 50 छात्र और 50 छात्राएं शामिल हो रही हैं। इसके साथ ही हरियाणा के 5 जिलों महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र और जींद से भी 50 छात्र और 50 छात्राएं भाग लेंगी।

### सांस्कृतिक आदान-प्रदान

शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे क्विज़, स्ट्रीट प्ले (नुक्कड़ नाटक), वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सभी राज्यों के प्रतिभागी अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक कला और क्षेत्रीय व्यंजनों की प्रस्तुति देकर लघु भारत की झलक पेश करेंगे। इस बार शिविर का विशेष फोकस युवाओं को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर रहेगा।



नांगल चौधरी। नवगठित कार्यकारिणी को दायित्व सौंपते जिला प्रधान। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय सैनी सभा ने नांगल चौधरी में किया संगठन विस्तार

**नांगल चौधरी।** निजामपुर रोड पर स्थित सैनी धर्मशाला राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक हलका प्रधान बलवंत सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कार्यकारिणी के विस्तार पर विचार-विमर्श किया तथा संगठन को मजबूत करने की रूपरेखा बनाई है। बैठक में राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश सचिव डॉ. राजेंद्र सैनी व जिला अध्यक्ष संजय सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रधान संजय सैनी ने बताया कि योगेश सैनी को महासचिव, माडूराम सैनी व ख्याली राम सैनी को सचिव नियुक्त किया गया। वहीं सुभाष चंद सैनी, यादराम सैनी, लेखराज सैनी व सुरेश चंद सैनी को उपाध्यक्ष बनाया गया। महेंद्र सैनी को कोषाध्यक्ष व समंद्र सिंह सैनी और कमल सैनी को हलका कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इसके अलावा रामसिंह सैनी, महाबीर सैनी, रिंकू सैनी, संदीप सैनी व बंटी कुमार सैनी एडवोकेट को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

# प्रांत अभ्यास वर्ग का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत (एबीवीपी) द्वारा राव प्रहलाद सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में प्रांत अभ्यास वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देव दत्त जोशी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील मेहता, प्रदेश मंत्री लवप्रताप राणा और प्रदेश संगठन मंत्री संजय कस्वा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी ने संत शिरोमणि रविदास के जीवन पर बताया कि संत शिरोमणि का जीवन त्याग, सेवा, समर्पण और मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत था। उनके विचार आज भी समाज को एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की राह दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि संतों ने सदैव समाज को जोड़ने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया है।

युवा पीढ़ी को संत शिरोमणि के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अनुशासन, संस्कार और सेवा भाव को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराएं युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा राष्ट्र निर्माण के लिए ऐसे मूल्यों का अनुसरण आवश्यक है।

अभाविप प्रदेश संगठन मंत्री संजय कस्वा ने चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में सैद्धान्तिक भूमिका पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।





महेंद्रगढ़। अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्रीराधा रानी प्रभातफेरी संगठन की 50वीं स्वर्ण जयंती पर भव्य उत्सव

**नारनौल।** शहर की अग्रणी सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्रीराधा रानी प्रभात फेरी ट्रस्ट की ओर से संगठन की फेरी के 50वें स्वर्ण जयंती संकीर्तन उत्सव का भव्य आयोजन श्रीकल्लू मल की बगीची में श्रद्धा, भक्ति व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भक्ति रस का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान आचार्य शशिकांत व आचार्य श्याम सुंदर ने अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात ट्रस्ट के संरक्षक चेतन जिंदल ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर संकीर्तन की मंगलमय शुरूआत की। उत्सव की सफलता में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों व महिला मंडल का विशेष योगदान रहा। महिला मंडल की ओर से प्रस्तुत भक्ति गीतों व संकीर्तन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संस्था के सचिव सुभाष गर्ग ने संपूर्ण दरबार व आयोजन की तैयारियों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। वहीं प्रेमचंद आजाद ने अपने जोशीले ढोलक वादन से भजनों में अद्भुत रस घोल दिया। संस्था के कोषाध्यक्ष व मंच संचालक संदीप गोयल ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री मंगलमुखी समाज, श्रीश्याम मस्तानी परिवार व श्री जियो गीता परिवार की सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।




**विज्ञापन**
**आम सभा की बैठक की सूचना**

आप सभी सदस्यगण को दी नसीबपुर बहुउदेशिय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. नसीबपुर की ओर से अवगत कराया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 11 बजे समिति कार्यालय में होनी निश्चित की गई है।
अतः आप सभी निश्चित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लें।
बैठक का ऐजेण्डा निम्न अनुसार है।
1. समिति की वार्षिक आम सभा की गत बैठक की पुस्टी करने बारे।
2. सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताना।
3. Regarding Cooperative Weak Celebration Form 29.06.2026 से 06.07.2026

प्रबंधक दी नसीबपुर बहुउदेशिय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. नसीबपुर

**विज्ञापन**
**आम सभा की बैठक की सूचना**

आप सभी सदस्यगण को दी नारनौल बहुउदेशिय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. नारनौल की ओर से अवगत कराया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 12 बजे समिति कार्यालय में होनी निश्चित की गई है।
अतः आप सभी निश्चित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में भाग लें।
बैठक का ऐजेण्डा निम्न अनुसार है।
1. समिति की वार्षिक आम सभा की गत बैठक की पुस्टी करने बारे।
2. सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताना।
3. Regarding Cooperative Weak Celebration Form 29-06-2026 से 06.07.2026

प्रबंधक दी नारनौल बहुउदेशिय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. नारनौल

## करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा मामला, सच्चाई सामने लाए सरकार

# राम मंदिर के चंदा चोरी के दोषियों पर कार्रवाई हो: कॉमरेड दिलीप सिंह

सचेत नागरिक मंच के संरक्षक ने उठाए सवाल कहा- एसआईटी गठन से पहले एफआईआर और गिरफ्तारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- पूरी सच्चाई जनता के सामने रखी जाए

सचेत नागरिक मंच के संरक्षक एवं अधिवक्ता कॉमरेड दिलीप सिंह ने अयोध्या स्थित राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और चोरी के मामलों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए तथा पूरी सच्चाई जनता के सामने रखी जाए। जारी बयान में कॉमरेड दिलीप सिंह ने आरोप लगाया कि मंदिर ट्रस्ट से जुड़े मामलों में अब तक कठोर कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप गंभीर हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कथित रूप से हीरे का हार, हीरे जड़ित चरण पादुकाएं, चांदी की ईंटें तथा दान राशि से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

### राम मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र



कॉमरेड दिलीप सिंह ने कहा कि राम मंदिर देश के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। इसलिए इससे जुड़े किसी भी कथित घोटाले या अनियमितता की जांच पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा मिलनी चाहिए और जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाने चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से आग्रह किया कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कर जनता के बीच विश्वास कायम किया जाए।

### बिना एफआईआर एसआईटी गठन का औचित्य क्या?

कॉमरेड दिलीप सिंह ने कहा कि केवल एसआईटी गठित कर देने से मामले का समाधान नहीं होगा। उनके अनुसार यदि जांच एजेंसी को स्वतंत्र रूप से कार्य करना है तो सबसे पहले प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना एफआईआर और गिरफ्तारी के एसआईटी गठन से मामले की निष्पक्षता पर सवाल उठ सकते हैं।

### जमीन सौदों को लेकर भी उठाए पुराने प्रश्न

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के शुरुआती दौर में भूमि खरीद-फरोख्त को लेकर भी विवाद सामने आए थे। ऐसे में वर्तमान आरोपों की जांच और अधिक पारदर्शी तरीके से किए जाने की आवश्यकता है, ताकि किसी प्रकार की आशंका या भ्रम की स्थिति न रहे।

## वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए लिया फैसला

# राव तुलाराम चौक पर 20 लाख रुपये की लागत से लगेंगी ऑटोमेटिक ट्रैफिक लाइटें

विकास गोडवाल ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण चौराहों में शामिल राव तुलाराम चौक पर जल्द ही आधुनिक ऑटोमेटिक ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी। इस परियोजना पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आएगी। नगर क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद चौक पर वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित होगी और जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय नगर पालिका प्रशासन के अनुसार राव तुलाराम चौक शहर का प्रमुख यातायात केंद्र है, जहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। चौक से रोहतक, भिवानी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्ग निकलते हैं। सुबह और शाम के समय यहां वाहनों की संख्या काफी बढ़ जाती है, जिससे कई बार लंबा जाम लग जाता है। स्कूल, कॉलेज और बाजार क्षेत्र के नजदीक होने के कारण पैदल यात्रियों को भी सड़क पार करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में चौक पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती करनी पड़ती है। व्यस्त समय में पुलिस कर्मचारियों को लगातार यातायात संचालन करना पड़ता है, लेकिन वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऑटोमेटिक ट्रैफिक लाइटें लगने के बाद यातायात का संचालन तकनीकी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिससे मानव संसाधन पर निर्भरता कम होगी।

**जाम की समस्या से मिलेगी राहत**

### चौक पर संकेतक बोर्ड भी लगाए जाएंगे


महेंद्रगढ़। राव तुलाराम चौक पर खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटें।

परियोजना के तहत चौक के चारों ओर आधुनिक सिग्नल पोल लगाए जाएंगे। इन पर लाल, पीली और हरी बत्तियों वाली स्वचालित ट्रैफिक लाइटें स्थापित की जाएंगी। साथ ही वाहन चालकों को दिशा-निर्देश देने के लिए संकेतक बोर्ड भी लगाए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर पैदल यात्रियों के लिए अलग सिग्नल व्यवस्था और टाइमर डिस्प्ले की सुविधा भी जोड़ी जा सकती है, ताकि लोगों को यह जानकारी मिल सके कि सिग्नल बदलने में कितना समय शेष है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऑटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था लागू होने से सड़क सुरक्षा में भी सुधार होगा। वर्तमान में कई बार वाहन चालक जल्दबाजी में चौक को पार करने का प्रयास करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। निर्धारित समय के अनुसार सिग्नल संचालन होने से यातायात अनुशासित रहेगा और सड़क हादसों की संभावना कम होगी। इसके अलावा एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों की आवाजाही को भी अधिक सुगम बनाया जा सकेगा।

### व्यापारियों व नागरिकों ने किया स्वागत

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से राव तुलाराम चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग की जा रही थी। बाजार क्षेत्र में आने वाले ग्राहकों को जाम के कारण परेशानी होती थी, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती थी। नई व्यवस्था लागू होने से व्यापारिक गतिविधियों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तकनीकी स्वीकृति और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कार्य आरंभ किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर ट्रैफिक लाइटों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

### यातायात प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण कदम

शहरवासियों का मानना है कि राव तुलाराम चौक पर ऑटोमेटिक ट्रैफिक लाइटें लगना यातायात प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे न केवल जाम की समस्या कम होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय में यदि यह व्यवस्था सफल रहती है तो शहर के अन्य व्यस्त चौराहों पर भी इसी प्रकार की आधुनिक यातायात नियंत्रण प्रणाली स्थापित की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा शिक्षा बोर्ड चेयरमैन का होगा स्वागत

**नारनौल।** स्वर्णकार समाज द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन शंकर लाल सोनी धूपड़ के नारनौल में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 24 जून को रेवाड़ी रोड स्थित सोनी होटल के समीप आयोजित होगा। स्वर्णकार सभा के प्रधान राजेंद्र सोनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन शंकर लाल सोनी धूपड़ तथा अन्य गणमान्य नेता पार्टी कार्यक्रम के सिलसिले में सीएल फार्म पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज द्वारा उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया जाएगा।

### डॉ. हिम्मत श्रीकृष्ण यादव महासभा के बने प्रदेशाध्यक्ष

**कनीना।** श्रीकृष्ण यादव महासभा ने राज्य में संगठन को और अधिक गतिशील तथा मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक अहम नियुक्ति की है। महासभा ने कनीना निवासी डॉ. हिम्मत यादव को तत्काल प्रभाव से हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, अधिवक्ता हेमंत यादव की ओर से आधिकारिक नियुक्ति पत्र भी जारी किया गया। जिसमें डॉ. हिम्मत यादव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर आभार जताते हुए निष्ठा व जिम्मेवारी से कार्यो का निर्वहन करने की बात कही है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत यादव ने कहा कि महासभा को डॉ. हिम्मत यादव की कार्यक्षमता व नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए वेबसाइट https://awards.gov.in पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए दिए जाते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने की एक प्रतिष्ठित पहल है।

## पहले आवेदन करने से चूक गए विद्यार्थियों को मिला अतिरिक्त समय

# आईटीआई में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 30 जून तक बढ़ी

**एडमिशन पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन फॉर्म जमा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खंगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राज्य के सभी राजकीय एवं निजी आईटीआई में दाखिला लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। प्रधानाचार्य विनोद खंगवाल के अनुसार जो छात्र किसी कारणवश पहले आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें ध्यान में रखते हुए विभाग ने दाखिले का एक और सुनहरा अवसर प्रदान किया है। अब इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी आगामी 30 जून तक विभाग के आधिकारिक एडमिशन पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण व आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी युवाओं और योग्य अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक कोर्सेज में दाखिला सुनिश्चित कर सकें।


नारनौल। ऑनलाइन आवेदन करवाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्नातकोत्तर दाखिले के लिए पहली लिस्ट जारी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले के लिए पहली श्रेणीवार दाखिला सूची मंगलवार 23 जून को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। पहली लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी बुधवार 24 जून तक ऑनलाइन माध्यम से फीस भुगतान कर दाखिला ले सकेंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षाएं आगामी 14 जुलाई 2026 से शुरु हो रही हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय की दाखिला समिति के डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि सीयूईटी (पीजी) के अंतर्गत जारी दाखिला प्रक्रिया में विश्वविद्यालय में 43 स्नातकोत्तर कार्यक्रम में उपलब्ध 1457 सीटों पर दाखिले के लिए 23 जून को श्रेणीवार सूची वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। जिसके आधार पर पहली काउंसलिंग के दाखिले ऑनलाइन फीस के भुगतान के साथ 24 जून तक होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि काउंसलिंग की यह प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी। हकेवि में दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रम में सीटें रिक्त रहने की स्थिति में दूसरी काउंसलिंग 25 जून और तीसरी काउंसलिंग 27 जूनको आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से नए सत्र के अंतर्गत कक्षाओं की शुरुआत 14 जुलाई से प्रारंभ होंगी।


मंडी अटेली। महंत खेतानाथ महाविद्यालय सिहमा। फोटो : हरिभूमि

### एडमिशन डेट बढ़ने से छात्रों को राहत

**मंडी अटेली।** महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए एवं बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 30 जून 2026 कर दी गई है। यह तिथि सभी कॉलेजों में बढ़ाई गई है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने दी। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा और बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी द्वारा यह निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि बीए प्रथम वर्ष की कुल 160 सीटों में से लगभग 70 प्रतिशत सीटों के लिए प्रथम वरीयता के आवेदन पहले ही प्राप्त हो चुके हैं जो महाविद्यालय के प्रति विद्यार्थियों के बढ़ते विश्वास और आकर्षण को दर्शाता है। वहीं बीकॉम प्रथम वर्ष में भी विद्यार्थियों का उत्साहजनक रुझान देखने को मिल रहा है। ऐसे में इच्छुक विद्यार्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र आवेदन करें ताकि उन्हें अपनी पसंद के विषय एवं महाविद्यालय में प्रवेश मिल सके।महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की सुविधा के लिए परिसर में निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन सहायता केंद्र स्थापित किया है।जहां विद्यार्थी बिना किसी शुल्क के अपना आवेदन भरवा सकते हैं। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ.अरुण कुमार यादव ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया विषय चयन या अन्य किसी भी जानकारी के लिए विद्यार्थी सीधे महाविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## हादसे के शिकार जवान का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार


मंडी अटेली। मातमी धुन बजाकर अंतिम विदाई देते सेना के जवान।

- हवलदार मनोज के असामयिक निधन से शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

भारतीय सेना की सिग्नल कोर में तैनात 34 वर्षीय हवलदार मनोज कुमार की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को उनके पैतृक गांव चंदपुरा में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जहां हर आंख नम दिखाई दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार 15 जून को एक महीने की छुट्टी पर घर आए थे। हाल ही में वे माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौटे थे। सोमवार को वे अपने निर्माणाधीन मकान की छत पर टीनशेड की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्टेज की हाई-टेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से उन्हें जोरदार करंट लगा और वे नीचे गिर गए। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत रेवाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### परिवार पीढ़ियों से कर रहा देश की सेवा

मनोज के चाचा अश्विनी ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ियों से देशसेवा में लगा रहा है। उनके दादा और पिता सूबेदार मेजर रणवीर सिंह सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि मनोज स्वयं परिवार की तीसरी पीढ़ी के सैनिक थे। उनकी अचानक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पीछे उनके साढ़े 11 वर्षीय पुत्र शिवांश और अन्य परिजन रह गए हैं। गांव चंदपुरा में मोनू नाम से लोकप्रिय मनोज अपने मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सैन्य टुकड़ी की मौजूदगी में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि मनोज कुमार वर्ष 2014 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और उनकी ट्रेनिंग जबलपुर में हुई थी। वर्तमान में उनकी तैनाती हिमाचल प्रदेश में थी, जबकि इन दिनों वे मऊ में कोर्स कर रहे थे।


नारनौल। पावर हाउस में आयोजित हवन में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पावर हाउस मुंडियाखेड़ा में हनुमान जी का रोट लगाया

**नारनौल।** 132 केवी पावर हाउस मुंडिया खेड़ा में मंगलवार को हनुमान जी के रोट एवं हवन-यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बिजली निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित हवन में कार्यकारी अभियंता शिवराज सिंह, सहायक कार्यकारी अभियंता प्रमोद कुमार यादव, एसडीओ सिहमा, अटेली, नारनौल एवं महेंद्रगढ़ सहित अनेक अधिकारियों ने आहुति अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता एवं सब स्टेशन इंचार्ज विकास यादव, कनिष्ठ अभियंता प्रमोद शर्मा, परमानंद, दुष्यंत (जीएसओ), नवीन फोरमैन, रमेश शर्मा, रवि कुमार, सतीश, सुनील, अशोक, संजीव, अशोक यादव, छोटे लाल, अजय कुमार, हरीश सोनी, राजेश कुमार, बिशन सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आयोजन में कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

### निर्जला एकादशी पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेल सेवा का विस्तार

**नारनौल।** रेलवे की ओर से निर्जला एकादशी पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन, साथ ही रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी दो जोड़ी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09633/09634, रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाड़ी से 26 जून को (01 ट्रिप) व रींगस से 27 जून को (01 ट्रिप) का विस्तार किया गया है। वहीं गाड़ी संख्या 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा रेवाड़ी से 24 जून, 26 व 29 को (03 ट्रिप) व रींगस से 24 जून, 26 व 29 जून को (03 ट्रिप) का विस्तार किया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04737/04838 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन गाड़ी संख्या 04737 भिवानी-ढेहर का बालाजी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 25 जून से 28 जून तक (04 ट्रिप) भिवानी से 00:15 बजे रवाना होकर अगले दिन 07:05 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी।

## मोबाइल गुम होने के बाद सिम पोर्ट करवाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस ने मोबाइल फोन गुम होने के बाद सिम पोर्ट करवाकर बैंक खाते से धोखाधड़ी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। ठगी गई राशि की बरामदगी की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मनोज कुमार ने बताया कि उसका मोबाइल कहीं गिर गया था। सिम कार्ड को बंद करवा दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद साइबर अपराधियों ने अगले दिन उसके मोबाइल नंबर को पोर्ट करवा लिया और बैंक खाते तक अनधिकृत पहुंच बनाकर 99 हजार 990 रुपये की राशि निकाल ली। जांच के दौरान ठगी में राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी राजेश माली की भूमिका सामने आई। पुलिस ने 22 जून को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 20 हजार नकद बरामद किए गए हैं। ठगी की राशि में से 39 हजार 500 रुपये आरोपित के बैंक खाते में प्रथम स्तर पर जमा हुए थे, जिन्हें उसी दिन एटीएम के माध्यम से निकाल लिया गया था। पुलिस इससे पहले एक अन्य आरोपित को जयपुर से गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपित के खाते से 49 हजार रुपये की राशि बरामद कर कोर्ट के आदेशानुसार शिकायतकर्ता को सुपरदारी पर दिलवाई जा चुकी है। इसके अलावा पुलिस ने 30 हजार रुपये की राशि भी होल्ड करवाई है।


नारनौल। पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया गया आरोपित।

### विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया सचेत

**नारनौल।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें एक स्वस्थ, नशामुक्त व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित इन्वेस्टिगेटर डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही नष्ट नहीं करता, बल्कि उसके पूरे परिवार व समाज में भी बहुत बाधा बनता है। उन्होंने युवाओं की असीम ऊर्जा और प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि वे स्वयं को हर प्रकार के व्यसन से दूर रखें और इस बुराई को खत्म करने के लिए अपनी भूमिका निभाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005


## फैमिली आईडी में इनकम गलत होने से नहीं मिल रहा किसी योजना का लाभ

# राह चलने में कांपते हैं जिसके कदम, उस विधवा से दौड़ लगवा रहे साहब

**पति और बड़े बेटे की सालों पहले हो चुकी है मौत, छोटे बेटे के साथ मजदूरी कर काट रही जीवन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उसकी उम्र 70 साल है। बुढ़ापे ने उसे इतना कमजोर कर दिया है कि राह चलने में दिक्कत होती है, लेकिन समय की मार ने उसे इतना असहाय कर दिया है कि मेहनत-मजदूरी उसका नसीब बन गया है। इस उम्र में भी वह मजदूरी कर अपना और अपने बेटे का पेट पालती है। अफसोस तो इस बात का है कि इस बुजुर्ग विधवा को किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलता। वजह बस इतना है कि उसके फैमिली कार्ड में इनकम गलत है, जिसे ठीक कराने के लिए वह चक्कर काट रही है। उधर, अफसर उसे इस दफ्तर से उस दफ्तर का चक्कर कटवा रहे हैं। यह कहानी है मोहल्ला नई सराय निवासी अनिता की। उसके पति ओमप्रकाश की कई साल पहले मौत हो गई थी। उसके पति फौज की नौकरी छोड़कर आ गए थे। इसलिए उसको फौज की पेंशन भी नहीं मिलती। महिला बताया कि उसकी फैमिली आईडी में उसका तथा उसके बेटे सुरेश का नाम है। उसके बड़े बेटे राजेश की भी करीब 10 साल पहले मौत हो गई थी। फैमिली आईडी में उसकी इनकम तीन लाख है। उसने बताया कि इसको ठीक कराने के लिए वह डीसी कार्यालय, एडीसी कार्यालय व कई सरकारी विभागों तथा सीएससी सेंटर संचालकों के चक्कर काट चुकी, नगर परिषद व एडीसी कार्यालय में फैमिली आईडी ठीक करने वाले कर्मचारियों के पास भी जा चुकी। उन्होंने बताया कि उसको यह कहा जाता है कि फैमिली आईडी में उसको नौकरी पेशा वाली दिखाया गया है। उसने बताया कि वह मजदूरी कर अपने व अपने बेटे का गुजर बसर करती है।


Citizen Resource Information Department (CRID)
हरियाणा परिवार पहचान पत्र
परिवार की आईडी: 4EKE9454
प्रिंट तारीख 10/11/2025
मुखिया का नाम : ANITA
जिला : MAHENDERGARH
खंड/शहर : NARNAUL MC
गांव/वार्ड : Ward 20
Family Income (Verified) 180001-300000

नारनौल। परिवार पहचान पत्र में दिखाई गई आय।

**पति था फौज में, लेकिन बीच में ही छोड़ दी नौकरी, इस वजह से 70 साल की अनिता को नहीं मिलती पेंशन**

### नहीं बन रहा बीपीएल कार्ड

महिला ने बताया कि परिवार पहचान पत्र में इनकम ज्यादा होने के कारण उसका बीपीएल कार्ड भी नहीं बना हुआ। जिसके कारण गरीबों को मिलने वाली किसी भी योजना का लाभ उसको नहीं मिल पा रहा है। इससे उसको काफी परेशानी हो रही है। अनिता देवी ने बताया कि उसको केवल विधवा पेंशन मिलती है, जो कि साल में 50 हजार रुपये भी नहीं होती, जबकि परिवार पहचान पत्र में उसकी इनकम एक लाख 80 हजार रुपये से तीन लाख रुपये तक दिखाई गई है। वहीं उसके बेटे की आय 25 से 50 हजार रुपये दिखाई गई है।

### करेंगे समाधान : एडीसी

इस बारे में एडीसी तरुण कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस प्रकार की समस्या उनके संज्ञान में नहीं आई है। महिला उनके पास आकर मिल ले, वे समस्या सुनकर उसका समाधान कर देंगे।